सागौन उत्पाद प्रोत्साहन

चर्चा में क्यों?

- 11 सितंबर, 2021 को **सागौन उत्पाद प्रोत्साहन** के लिये मध्य प्रदेश के बैतूल ज़िले का चयन किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इसके तहत सागौन उत्पाद मात्रा का आकलन कर इसमें वृद्धि की संभावनाओं को तलाशते हुए उत्पादों के मूल्य-संवर्धन को सूचीबद्ध कर विपणन की रणनीति तैयार की जाएगी।
- वन विभाग ने '**एक ज़िला-एक उत्पाद**' योजना में बैतूल ज़िले के सागौन काष्ठ के प्रारंभिक प्र-संस्करण और सागौन काष्ठ के उत्पाद बढ़ाने वाले शिल्पकारों और संस्थानों की सूची तैयार की है।
- उत्पादों के मूल्य-संवर्धन की संभावनाओं को सूचीबद्ध कर इनके विपणन की रणनीति तैयार की जा रही है। इसके लिये **अखिल भारतीय काष्ठ विज्ञान प्रौद्योगिकी संस्थान बैंगलुरू** और **भारतीय वन प्रबंधन संस्थान** से सहयोग लिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/teak-product-promotion